जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति **दिनांक 20.06.2024**

थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला आलखुर्द में जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार:-

ज्ञात हो कि दिनांक 17.06.2024 को वादी साजिद पुत्र नजीरा निवासी मौहल्ला आलखुर्द थाना कैराना जनपद शामली की पत्नी व पुत्र पर अभियुक्तगण द्वारा घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से फायर करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दाखिल की थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था। थाना कैराना पुलिस द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्तगण की तलाश की जा रही थी।

इसी क्रम में आज दिनांक 20.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा कैराना क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला आलखुर्द में घर में घुसकर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में लिप्त अभियुक्त जावेद व यहिया को दिनाँक 19.06.2024 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगाई गयी है, शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण:-

1.अकबर पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम गन्दराऊ थाना कैराना जनपद शामली।

<u>थाना कांधला पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 07 ग्राम स्मैक बरामदः-</u>

आज दिनांक 20.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए गये मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 07 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>

1.सावेज पुत्र बब्लू निवासी मौहल्ला गुजरान थाना कांधला जनपद शामली।

<u>बरामदगी का विवरणः-</u>

अवैध 07 ग्राम स्मैक।

<u>थाना कांधला पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 07 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-</u>

आज दिनांक 20.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कांधला पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 07 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>

1.सत्यपाल पुत्र अजब सिंह निवासी ग्राम गढ़ीश्याम थाना कांधला जनपद शामली।

2.जयकुमार पुत्र विजा निवासी ग्राम डांगरोल थाना कांधला जनपद शामली।

3.रकमा पुत्र साधू निवासी ग्राम गढ़ीरख्खा थाना कांधला जनपद शामली।

4.बनारसी पुत्र मूला निवासी ग्राम गढ़ीरामकौर थाना कांधला जनपद शामली।

5.जयपाल पुत्र जिले सिंह निवासी ग्राम गढ़ीरामकौर थाना कांधला जनपद शामली।

6.कन्नू पुत्र सुरजी निवासी ग्राम गढीदौलत थाना कांधला जनपद शामली।

7.होक्का उर्फ गजवा पुत्र सुरजी निवासी ग्राम गढ़ीदौलत थाना कांधला जनपद शामली।

<u>SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI</u>